हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**RESEARCH**
Ph.D.

**YOGA**
Diploma | B.Sc.
PG Diploma | M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with Nira Educom

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind (Serving Life) | Glenmark (A new way for a new world) | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in | admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

## KALSEE/KAL-MAT

## खबर संक्षेप

### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, ढहाया गया



**फरसगांव।** जिले के नगर पंचायत फरसगांव में प्रशासन शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर काफी सख्त दिखाई दे रहा है। अवैध निर्माण की जानकारी प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर ने शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राजस्व और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने गुरुवार की सुबह फरसगांव के नवीन कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई की गई है। सप्ताह भर पहले भी फरसगांव में ही बस स्टैंड में निर्माणाधीन व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स से जोड़कर रिक्त शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण पर प्रशासन ने कार्रवाई करते कब्जा को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान फरसगांव तहसीलदार डॉ. जयकुमार नाग ने बताया कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण था, जिसे हटाया गया है। संबंधित व्यक्ति को वैध नोटिस देने के बाद वैधानिक कार्रवाई करते हुए हटाया गया है । इस दौरान राजस्व एवं नगर पचायत स्टाफ के साथ पुलिस के जवान उपस्थित थे ।

### आशाराम केशकाल ब्लाक सचिव संघ के बने अध्यक्ष



**फरसगांव।** केशकाल ब्लॉक के लिए सचिव संघ के अध्यक्ष के रूप में आशाराम मरकाम सर्वसहमति से चुना गया है । इसके पहले रमेश नेताम को केशकाल ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया था। वर्तमान में जिला अध्यक्ष पद में होने के कारण उनके द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष से त्यागपत्र दिया गया। जिसके बाद सर्व सहमति आशाराम मरकाम को चुनते हुए ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है।

### जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव में योगाभ्यास



**कोण्डागांव।** जिला एवं सत्र न्यायालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष उत्तरा कुमार की उपस्थिति में परिवार न्यायालय परिसर के प्रांगण में माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा मानव जीवन में योग का महत्व बताते हुए योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। योग शिक्षक अधिवक्ता लखन लाल पटेल एवं उनके योग साथियों के द्वारा समय प्रातः 7 बजे से 8.30 बजे तक विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात सभी न्यायिक अधिकारी–कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं में एक विशेष उर्जा का संचार हुआ। योग प्रशिक्षक द्वारा संयमित व्यायाम संयमित आहार एवं संयमित आराम के महत्व को भी समझाया गया। योग को अपने जीवन की दिनचर्या का भाग बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। योगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रिशिंला पॉल होरो, अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो कमलेश कुमार जुर्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव प्रकाश त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गायत्री साय एवं समस्त अधिवक्तागण, कर्मचारी व पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: महिला सशक्तिकरण के लिए योग की थीम पर मनाया गया

# योग को जिंदगी का हिस्सा बनाएं, योगाभ्यास से पाएं निरोगी काया, शारीरिक और मानसिक शांति से बढ़ेगी कार्यक्षमता

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में शुक्रवार को योगाभ्यास किया गया। बारिश होने की संभावनाओं के बावजूद लोगों में जबरदस्त उत्साह। महिला सशक्तिकरण के लिए योग'की थीम पर मनाए गए दिवस पर रोज किए जाने वाले पांच से लेकर पंद्रह योग बताए गए। विशेषज्ञों व अतिथियों ने कहा कि योग को जिंदगी का हिस्सा बनाएं। योगाभ्यास व प्राणायाम करने से निरोगी काया मिलेगी। साथ ही शारीरिक व मानसिक शांति से कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। सभी ने कहा कि 24 घंटे में कम से कम 24 मिनट अपने स्वास्थ्य, शांति के लिए भी निकाले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व में यह कार्यक्रम विकास नगर स्टेडियम में निर्धारित किया गया था। बारिश की संभावनाओं के बीच सुबह से ही बड़ी संख्या में नागरिक योग करने पहुंचे। बारिश प्रारंभ होने पर सामुदायिक भवन में योगाभ्यास किया गया, लोगों में जबरदस्त उत्साह था।

इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने लोगों के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

- विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने लोगों के साथ मिलकर किया योगाभ्यास
- बारिश की संभावनाओं के बीच बड़ी संख्या में योग करने पहुंचे नागरिक

इस अवसर पर योग आयोग के योग प्रशिक्षक योगेश्वर साहू, शिवचरण साहू, मोनिका पटेल, ईश्वर दयाल साहू, रामुराम मरकाम, राजेन्द्र पाण्डे, कुलेन्द्र साहू, सोनल साहू, कुसुमतला पटेल द्वारा योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न योग, आसनों एवं प्राणायाम के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए प्रदर्शन के माध्यम से सभी को योग कराया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं, शासकीय कर्मचारी–अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक, अग्निवीर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा, स्काउट्स, गाईड्स युवोदय कोंडानार चौम्प्स के स्वयंसेवक, आईटीबीपी के खेल प्रशिक्षक, तीरंदाजी एवं जूडो के खिलाड़ी बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, उपाध्यक्ष जशकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा योगाभ्यास






**कोण्डागांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य टीपी जोशी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. एस.के चौधरी एवं फार्मासिस्ट बीएल चंदेल द्वारा योगाभ्यास जैसे वज्रआसान, वृक्षासान, कपाल भाती, अनुलोम विलोम भ्रामरी विभिन्न प्रकार से कराकर उनके लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है। जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को योग के लाभ बताने के साथ उनके नियमित तौर पर अपने परिवार के साथ योगा करने को कहा। जिससे कि योग की सकारात्मक ऊर्जा का सर्व दिशा में प्रसार हो सके। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ज्योति देवांगन व्यायाम शिक्षक ऋषि देव सिंह, स्काउट गाइड प्रभारी दशरथ लाल ध्रुव, शुभम निषाद, विजय मेश्राम, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश सेठिया, माध्यमिक शाला से सुश्री मालती नेताम, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्काउट गाइड के रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

### आईटीबीपी के हिमवीरों ने किया योगाभ्यारस

**कोण्डागांव।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'के अवसर पर कोंडागांव में स्थित आईटीबीपी के सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वअर 29वीं वाहिनी व 41वीं वाहिनी के हिमवीरों ने संयुक्त रूप से 21 जून को योगाभ्यास कर आमजन को स्वास्थ रहने का संदेश दिया। इस वर्ष 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग'की थीम पर मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राकेश कुमार, सेनानी स्टाकफ एवं अधिकारियों ने जवानों के साथ मिलकर योगासन किए। राकेश कुमार ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है, इसलिए योग हमारे जीवन में बहुत महत्व पूर्ण है, जिसे हमें अपनाना चाहिए। रोजाना योग कर सभी को योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि देश का नागरिक स्वस्थ होगा तो हमारा देश स्वयं ही एक स्वस्थ देश बनेगा। इसी तरह का योग सत्र इस क्षेत्रीय मुख्याहलय व 41वीं वाहिनी, आईटीबीपीके हिमवीरों द्वारा ऐतिहासिक सूर्य मंदिर, कोर्णाक ओडिशा में भी आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती प्रावती परिडा उपमुख्यमंत्री ओडिशा, संबित पात्रा सांसद पुरी, राणा युद्धवीर सिंह डीआईजी और अन्य हिमवीरों ने भाग लिया। सभी से योग को अपनाने और उनके स्वस्थ रहने की कामना की।



### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में हुआ योगाभ्यास



**कोण्डागांव।** पूर्व सैनिकों ने कोंडागाँव ब्लॉक में बंधा तालाब पार्क, फरसगाँव ब्लॉक में आदर्श स्कूल और बड़ेराजपुर ब्लॉक में विश्रामपुरी मिनी स्टेडियम में प्रशिक्षणार्थियों को योगा कराया गया। तत्पश्चात प्रतिदिन योग करने से क्या लाभ होता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। करो योग – रहो निरोग, योग करेंगे – स्वस्थ रहेंगे नारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर कोंडागाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, बडेराजपुर ब्लॉक में ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपउ राम मरकाम, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, बीएसएफ में सेवारत सैनिक राजेन्द्र नेताम, फरसगाँव ब्लॉक में ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, प्राचार्य बी के अठभैया, आदर्श स्कूल के शिक्षक और कोंडागाँव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक और बडेराजपुर ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले कुल 450 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### बड़ेडोंगर में मनरेगा श्रमिकों का अमृत सरोवर में योगाभ्यास



**फरसगांव।** जिले में विभिन्न अमृत सरोवरों में मनरेगा श्रमिकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्रमिकों ने योग के महत्व को समझा। इसके साथ जनपद पंचायत के अन्य अमृत सरोवरों में भी मनरेगा मजदूरों के द्वारा योग किया गया। ज्ञात हो कि भारत सरकार के द्वारा हर जिले में भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के नाम पर अमृत सरोवर का निर्माण एवं जलाशयों को जीर्णोद्धार किए गए हैं। उनके बलिदान से ग्रामीणों में जागरुकता आए एवं वो भी देश की अखंडता एवं एकता के लिए अपना योगदान दें। देश की आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। इसी महोत्सव के तहत अब प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर को विकसित करने की योजना तैयार की है। सरोवर में वर्षभर पानी की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। सरोवर का रकबा कम से कम एक एकड़ का रखा गया है।

## हिरोली के पूर्व सरपंच नंदा की अज्ञात लोगों ने की धारदार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दंतेवाड़ा जिले के किरन्दुल थाना क्षेत्र स्थित हिरोली पंचायत के पूर्व सरपंच नंदा की अज्ञात लोगों ने बीती रात धारदार हथियार से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि जादू टोना के संदेह में हत्या की गई है। मामले में तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

- जादू टोना के संदेह में हत्या की आंशका, तीन संदिग्ध हिरासत में

जानकारी के मुताबिक जादू-टोना के संदेह में पूर्व सरपंच की जंगल में धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि गांव के ही कुछ ग्रामीणों ने मिलकर धारदार हथियार से वार कर पूर्व सरपंच को मार डाला है। फिलहाल पुलिस शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हिरोली निवासी पूर्व सरंपच नंदा की हत्या उस समय कर दी गई जब वह पास के ही एक गांव से रात के समय हिरोली लौट रहा था। इसी बीच कुछ लोगों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में उसे घेर लिया और धारदार हथियार से वार कर हत्या कर शव को जंगल रास्ते में छोड़कर भाग निकले। रात में जब नंदा के घर नहीं लौटने पर सुबह परिजन उसे ढूंढने निकले। तभी जंगल में खून से लथपथ उसका शव मिला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना किरन्दुल थाने में दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल रवाना किया। ग्रामीणों व परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दंतेवाड़ा एएसपी आरके एर बर्मन ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि जादू-टोने के शक में पूर्व सरपंच नंदा कि हत्या की गई है और यह नक्सलियों से जुड़ी घटना नहीं है। आपसी रंजिश में हत्या की संभावना है मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### व्यवहार न्यायालय केशकाल

**केशकाल।** विश्व योग दिवस के विशेष अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल के अध्यक्ष/ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अंजली सिंह के नेतृत्व में व्यवहार न्यायलय परिसर केशकाल में प्रातः6:30 से 8:30 तक शिविर आयोजित कर न्यायालय के कर्मचारियों को योग को दिनचर्या में उतारने का संदेश दिया गया। उन्हें बताया गया कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। जिसमें शरीर, मन, आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। वर्तमान समय में अपनी व्यस्त जीवन शैली के कारण लोग संतोष पाने के लिए योग करते है। बताया गया कि सम्पूर्ण मानव जीवन को बेहतर बनाने और अपने शरीर को फिट रखने और निरोग रहने के लिए अनेक अलग – अलग आसनों के माध्यम से योग कराया गया। असान से होने वाला लाभ को बताते हुए उन्होने नियमित योग करने से हम अपने शरीर को स्वस्थ, मानसिक सेहतएवं मस्तिष्क को शांत रख सकते है। इस अवसर पर सहायक जिला अधियोजन अधिकारी एम. आर. मण्डावी, नायब नाजिर जीतेंद्र सोनी, तरुण राणा , पीएलवी अमृत नरेटी, न्यायालय समस्त स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### शहर का बेहतर विकास व जनसामान्य की निरंतर सेवा हो सर्वोच्च प्राथमिकता : किरण देव



**जगदलपुर।** नगर निगम की नवगठित मेयर इन कौंसिल के सदस्यों ने शुक्रवार को महापौर सफीरा साहू के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव से भेंट की और आभार प्रगट कर अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नई एमआईसी टीम को बधाई व शुभकामनायें देते हुये शहर के विकास व जन सामान्य की सेवा में प्राण प्रण से कार्य करने कहा। जिसके बाद महापौर सहित नई एमआईसी टीम के सदस्यों ने नगर निगम कार्यालय पहुंच कर अपने-अपने विभाग का कार्यभार संभाला। किरण देव ने एमआईसी सदस्यों से कहा कि शहर के विकास के कार्य निरंतर पूरे हो, जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान समय पर हो, इस दिशा में सकारात्मक भाव से समवेत रुप से कार्य करें। नगर निगम के कार्य जनता की मूलभूत सुविधाओं से सीधे जुड़े हैं। आमजन से सतत संपर्क बना कर अपने दायित्वों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सहित प्रदेश में भाजपा की सरकार है शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और विकास की गाथा लिखने का काम भाजपा की नई एमआईसी टीम करेगी। महापौर एवं एमआईसी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी और पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से भी मुलाकात की। नई एमआईसी टीम के सदस्यों में यशवर्धन राव, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, दयावती देवांगन, भारती श्रीवास्तव, निर्मल पाणिग्रही, मानिकराम नाग, श्वेता बघेल एवं नेहा ध्रुव शामिल रहे।

### प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में मना योग दिवस, किया मातृशक्ति का सम्मान

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में भी आयोजित किया गया। बच्चों ने विभिन्न योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। योगाभ्यास शिक्षिका मधु तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने अनुलोम विलोम ,कपाल भारती, सूर्य नमस्कार आदि योगासन कर किया। योग दिवस 2024 की थीम महिलाओं की समग्र कल्याण पर जोर देती है। इस दिन को महिलाओं के शारीरिक, मानसिक ,भावनात्मक, और सामाजिक विकास के लिए मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मातृशक्ति को सम्मानित भी किया गया। शिक्षिका ने योग से होने वाले शारीरिक मानसिक फायदो से उपस्थित बच्चों महिलाओं,पालकों को परिचित कराया। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि वह हमें संतुलित जीवन जीना भी सिखाता है। तनाव दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।



## रेल जोन भुवनेश्वर जीएम का पदभार सम्भालते ही बस्तर प्रवास

# जैपुर स्टेशन में अव्यवस्था, स्टेशन मास्टर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्वतट रेल जोन भुवनेश्वर मुख्यालय में पदभार संभालने के बाद नए रेलवे जीएम परमेश्वर फुनकल सबसे पहले दौरे में सुदूर आदिवासी बाहुल्य बस्तर को प्राथमिकता देते किरन्दुल,बचेली और जगदलपुर स्टेशन का जायजा लेकर चलाए जा रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्य, लौह अयस्क लो डिं ग - अनलोडिंग, और जगदलपुर, जैपुर, कोरापुट में अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर निरीक्षण करते समीक्षा की। उनके साथ विशाखापटनम रेल मंडल के रेल प्रबन्धक डीआरएम सौरभ प्रसाद व रेल जोन भुवनेश्वर और रेल डिवीजन विशाखापटनम के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

- किरन्दुल-बचेली में रेल साइडिंग व अन्य स्थलों का लिया जायजा

रेल जीएम ने स्टेशनों के निरीक्षण में यात्री सुविधा और साफ-सफाई पर विशेष निर्देश दिए। जैपुर रेलवे स्टेशन में सफाई में कमी को लेकर स्टेशन मास्टर को फटकार लगाते व्यवस्था में सुधार करने की समझाईश दी। रेल जीएम और डीआरएम शुक्रवार को स्पेशल सेलुन से दोपहर 12 बजे जगदलपुर पहुंचे। यहां से बचेली-किरन्दुल के लिए रवाना हो गए। तत्पश्चात किरन्दुल और बचेली में रेल साइडिंग का निरीक्षण किया और लौह अयस्क लोडिंग -अनलोडिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें लौह अयस्क लोडिंग-अनलोडिंग की विस्तार से जानकारी दी। जीएम लौह अयस्क परिवहन वृद्धि को लेकर एनएमडीसी अधिकारियों के साथ आवश्यक जानकारी साझा की। जीएम किरन्दुल-बचेली स्टेशनों का निरीक्षण बाद देर शाम साढ़े 7 बजे जगदलपुर पहुंचे। यहां वे अमृत भारत स्टेशन कार्य का निरीक्षण करते कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि रेल जीएम रात्रि विश्राम जगदलपुर में कर शनिवार को वापस भुवनेश्वर रवाना हो जाएंगे।

**कोरापुट में योग कर रेल कर्मियों को फिट रहने दिया संदेश :** रेल जीएम अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच आज सुबह कोरापुट पहुंचे। इस दौरान वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया। साथ ही उन्होंने रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को फिट रहने नियमित योग करने की समझाइश दी। इस दौरान डीआरएम व अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने रेल जीएम के साथ योग,प्राणायाम और एक्सरसाइज किया।

पेज 11 के शेष

### आज चंदन जात्रा...

अर्पण 8 जुलाई से शुरू होकर 14 जुलाई तक जारी रहेगा। इस विधान को पूरा करने की जिम्मेदारी 100 गांव के 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों के द्वारा परंपरानुसार संपन्न किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 22 जून से 17 जलाई तक विविध अनुष्ठान व कार्यक्रम होंगे।

### वन मंत्री ने 10 करोड़...

उपरांत ग्राम सिवनी में 7 करोड़ 62 लाख 21 हजार रुपए की लागत से एनीकट तटरक्षक निर्माण, मातागुड़ी रोड में पुल निर्माण व रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही सोनारपाल में 3 करोड़ 4 लाख 7 हजार रुपए की लागत से पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के अन्तर्गत सामग्रियों का वितरण किया गया।

### चार गांवों में ...

12 बजे बंद बिजली को बहाल किया, तब उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

**रात में भी मशक्कत करते रहे कर्मी :** विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता सुदीप कुमार खेस ने बताया कि सूचना मिलते ही एई एवं जेई क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ स्थल पर पहुंच रहे हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रात में भी मशक्कत रहे हैं।

### लाइन का किया मेंटनेंस

जगदलपुर जोन के सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर ने बताया कि शहर में लाइन का मानसून पूर्व रखरखाव, संधारण कार्य के लिए शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसमें कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मेंटनेंस किया। इससे पुलिस लाइन, सनसिटी, कुम्हारपारा, पुराना बस स्टैंड, माड़िया चौक आदि क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### रिजर्व फारेस्ट एरिया...

आरक्षित वन सीमा में एक ऑपरेशन शुरू किया गया था। इलाके की तलाशी के दौरान ऑप्स पार्टी को बेजंगीवाड़ा रिजर्व फॉरेस्ट के आगे ढलान के साथ पहाड़ की चट्टानी खोह के भीतर माओवादी डंप मिला। यह स्थान सीओबी बोडिगेटा 142 बटालियन से लगभग 9 किलोमीटर पूर्व में कालीमेला, मलकानगिरी के पीएस सीमा के अंतर्गत जीपी-कुरमानूर के गांव दुलगंडी के पास है। बेजंगीवाड़ा रिजर्व वन क्षेत्र लंबे समय से माओवादियों का गढ़ रहा है। जहां नक्सल कैडर व समर्थक अपने अस्तित्व के लिए इस क्षेत्र का इस्तेमाल करते थे। माओवादी संगठन क्षेत्र में सक्रिय सुरक्षा बलों व पुलिस को निशाना बनाने के लिए अलग-अलग स्थानों पर आईईडी, आईईडी बनाने की सामग्री और हथियार आदि रखते थे। बीएसएफ की कार्रवाई से स्थानीय लोगों के बीच सुरक्षा की भावना बढ़ा रही है। आईईडी और अन्य सामग्रियों की बरामदगी माओवादी गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है वहीं विस्फोटक की बरामदगी से सुरक्षा बलों को क्षेत्र में अधिक सक्रियता से काम करने के लिए भी प्रेरित करेगा। विस्फोटक की बरामदगी के बाद बीएसएफ द्वारा इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



12 ॐ और योग के घोष से गूंजा माईं दंतेश्वरी का पवित्र प्रांगण



12 स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर मना योग दिवस

## खबर संक्षेप

### कोटमसर और कैलाश गुफा 30 अक्टूबर तक बंद

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोटमसर और कैलाश गुफा में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। 16 जून से 30 अक्टूबर तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अन्तर्गत आने वाले गुफा स्थल कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थल को आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु निषेध किया गया है।

### संत कबीर जयंती पर शुष्क दिवस आज

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 22 जून को कबीर जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### गौण खनिज का अवैध परिवहन, 7 वाहन जब्त

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 19 जून को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम भानपुरी, बस्तर, बिलोरी क्षेत्र के औचक निरीक्षण में गौण खनिज मिट्टी के 4 वाहन एवं खनिज चूना पत्थर के 3 वाहन कुल 7 वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खनिज के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि उक्त कार्रवाई के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, लोकेश कश्यप उपस्थित थे।

### धर्मांतरण पर सजगता कारगार उपाय : साहू



**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद की जिला, प्रखंड, खंड समिति के पदाधिकारियों की बैठक शांति नगर स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित किया गया। बैठक का आयोजन परिषद के विस्तार व धर्मांतरण जैसे सामाजिक विषयों पर केंद्रित था। बैठक की शुरुआत भगवान राम व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विहिप के जिलाध्यक्ष हरी साहू ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए गांवों को शहर से जोड़ना होगा, इसके लिए समय समय पर अभियान चलाया जाना चाहिए। धर्मांतरण जैसे मुद्दे शहर की अपेक्षा गांवों में अधिक हो रहे हैं इसलिए हमे सजग रहना होगा। पवन राजपूत ने परिषद के विस्तार के लिए आधुनिक संचार साधनों को उपयोगी बताया। विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी ने राष्ट्र निर्माण में ऊर्जावान युवकों को संगठन से जोड़ने के लिए सभी पदाधिकारी को दिशा निर्देशित करते हुए, राष्ट्र निर्माण में युवकों को अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया। जिला अध्यक्ष हरी साहू ने जिला प्रचार प्रसार विभाग प्रमुख श्रीनिवास रेड्डी को जिला मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा।
**ये रहे उपस्थित :** बैठक में जिला मंत्री अमनदीप शर्मा, घनश्याम नाग, विष्णु ठाकुर, सन्नी रैली, भवानी सिंह चौहान, सुनील ठाकुर, खिरेंद्र दास, उत्तम साहू, होमेश राठौड़, सुनील जैन, गुजराल शार्दुल, उमा गुप्ता, झरना मोहंती, निशा नागवंशी, प्रज्ञा आचार्य, प्रांजल दास व अन्य उपस्थित रहे।

# करें योग-रहें निरोग, योग हमारे देश की पुरातन विधा है : किरण

**जिला प्रशासन और पंतजलि योग समिति के तत्वावधान में हजारों ने किया कपालभाति, अनुलोम विलोम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। योगाभ्यास में मुख्य अतिथि विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, श्रीनिवास राव मद्दी समेत हजारों योग प्रेमी सामूहिक रूप से कपालभाति, अनुलोम विलोम, योगाभ्यास किया। पंतजलि योग समिति के प्रदेश प्रभारी डॉ मनोज पाणीग्राही ने योग के विविध विधाओं का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि करें योग रहें निरोग। इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में वर्ष 2014 से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है। योग से शरीर, मन को स्वस्थ रखें और बेहतर समाज का निर्माण में योगदान दें। डॉ मनोज पाणीग्राही के साथ सहायक के रूप में जिला योग प्रभारी रमापति द्विवेदी, आयुष विभाग की डॉ सुमन, योग साधिका इंदु यादव, योगाचार्य इसानी साहू सम्मलित थे। जिले के विभिन्न विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत स्तर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास में हिस्सा लिया।



### ये भी हुए शामिल

इस दौरान महापौर सफीरा साहू, कमलचंद्र भंजदेव, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, बृजेश भदौरिया, शक्ति सिंह चौहान, अरुण त्रिपाठी, राजेश चावड़ा, गोविंद ईनाणी, कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, तृतीय लिंग के अतिथि, बड़ी संख्या में योगाभ्यास करने वाले लोग उपस्थित थे।

सफलता: राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के संरक्षण, संवर्धन में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की पहल

# कांगेरघाटी में घोसलों से पहाड़ी मैना बच्चों को सिखा रही आकाश में उड़ना, 25 गांव में 600 कर रहीं विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर





राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना (ग्रैकुला रिलिजियोसा) अपनी मधुर आवाजों और आकर्षक रूप-रंग के लिए मशहूर है। पहाड़ी मैना का संरक्षण एवं संवर्धन छत्तीसगढ़ के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में किया जा रहा है। मैना के प्रजनन काल का अंतिम समय है, जो इस क्षेत्र के एवियन कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण चरण को दर्शाता है। पहाड़ी मैना का प्रजनन काल सीमा के आधार पर थोड़ा भिन्न होता है, लेकिन अधिकांश अप्रैल-जुलाई में प्रजनन करते हैं। एक मोनोगेमस जोड़ा एक पेड़ में कटफोड़वा द्वारा बनाए गए एक छेद की तलाश करता है। नर और मादा मिलकर टहनियों, पत्तियों और पंखों को लेजाकर अपने घोंसले में बिछाते हैं तथा अंडे देते हैं। इस वर्ष कांगेरघाटी में मॉनिटरिंग किए जा रहे घोंसलों से पहाड़ी मैना के बच्चों को उड़ना सीखाते हुए देखे जा रहे हैं। जैसे-जैसे मानसून करीब आता है, इन विशिष्ट पक्षियों के लिए प्रजनन अवधि के अंत का संकेत मिलता है, वन विभाग के कर्मचारियों और मैना मित्र समान रूप से उनके आवासों की सुरक्षा के लिए प्रयास पर किए जा रहे हैं। कांगेर घाटी के मैना मित्रों और मैदानी कर्मचारी द्वारा इनके घोंसलों संरक्षित करने और इन पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। साथ ही कांगेरघाटी के विभिन्न हिस्सों पर कटफोड़वा द्वारा बनाए गए घोंसलों में इनके रहवास को सुरक्षित बनाने हेतु इनके ब्रीडिंग सीजन में लगातार निगरानी मॉनिटरिंग किया जा रहा है। पहाड़ी मैना की विशिष्ट काली पंखुड़ी और जीवंत पीले कलगी ने इसे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का प्रतीक बना दिया है, जहां इसकी आबादी और आवासों के संरक्षण के प्रयास को प्राथमिकता दी जा रही है।

■ उद्यान के कर्मी व मैना मित्र मैना के आवासों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास

### जागरुकता अभियान जुलाई से

उद्यान के निदेशक के दिशा निर्देश से मानसून सीजन में संरक्षण योजनाओं का प्रयास आरंभ हो चुका है। मैना शोधार्थी युगल जोशी द्वारा 19 जून को मैना मित्रों के साथ बैठक कर मानसून सीजन में स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों में जागरुकता हेतु कांगेर घाटी से लगे 40 गावों में पहाड़ी मैना एवं वन्य जीव के संरक्षण हेतु जागरुकता अभियान के विषय पर चर्चा किया गया जो आने वाले जुलाई माह से शुरू किया जाना है।

### मधुर ध्वनि का आनंद ले सकेंगे पर्यटक

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंग ने कहा कि इन पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान और अवैध व्यापार जैसे खतरों से बचाने के लिए निरंतर सतर्कता बरतने की अवश्यकता है और इनके संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष 11 मैना मित्रों द्वारा लगभग 150 घोसलों की निगरानी की गई है। जिसके फलस्वरूप कांगेरघाटी से लगे 25 गांव में 600 से अधिक मैना विचरण करते देखे जा रहे हैं। इस सीजन की सफलता संरक्षण प्रयासों और जन जागरुकता पहलों के महत्व को देना होगा। जैसे-जैसे बस्तर की घाटियों और जंगल मानसून की बारिश के लिए तैयार होते हैं, पहाड़ी मैना का प्रजनन काल मानवीय गतिविधियों और जैव विविधता के संरक्षण के बीच नाजुक संतुलन की मार्मिक याद दिलाता है। कांगेर घाटी में चल रहे प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियां जंगल में इन करिश्माई पक्षियों की उपस्थिति और मधुर ध्वनि का आनंद ले सकें।

# आज चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ प्रारंभ होगा गोंचा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व शनिवार 22 जून को देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ प्रारंभ होगा। जगन्नाथ मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे से 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों के द्वारा परंपरानुसार इंद्रावती नदी के पवित्र जल, पंचामृत, चंदन से भगवान शालीग्राम का अभिषेक किए जाने के बाद प्रभु जगन्नाथ स्वामी, देवी सुभद्रा एवं बलभद्र के विग्रहों को चंदन स्नान करवाया जाएगा। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के तहत परंपरानुसार 22 जून को ग्राम आसना से भगवान शालीग्राम को जगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया जाएगा। तत्पश्चात समाज के ब्राह्मणों द्वारा इंद्रावती नदी के पवित्र जल जगन्नाथ मंदिर लाकर देवस्नान-चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया जाएगा। इसके बाद भगवान के विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रभु जगन्नाथ स्वामी का अनसर काल शुरू होकर 5 जुलाई तक जारी रहेगा, इस दौरान दर्शन वर्जित होगा। 6 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ स्वामी के दर्शन होंगे। 7 जुलाई को गुंडिचा रथ यात्रा पूजा विधान के साथ ही प्रभु जगन्नाथ स्वामी जनकपुरी सिरहासार भवन में 9 दिनों तक रहेंगे। जहां बस्तर गोंचा पर्व के विविध पूजा विधान परंपरानुसार संपन्न किये जायेंगे। इसके साथ ही तय कार्यक्रम के अनुसार अमनिया भोग का भगवान जगन्नाथ को ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ भगवान के विग्रहों को कराया जाएगा महास्नान

# वन मंत्री ने 10 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 12 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत मांदलापाल, सिवनी एवं सोनारपाल में विधायक निधि सहित अन्य मद से स्वीकृत विकास कार्यों का आज लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार के गठन के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सांय-सांय काम कर रही है। सरकार 3100 रुपए में क्विंटल दर से धान खरीदी कर रही है, तेंदूपत्ता 5500 रुपये मानक बोरा में खरीद रही और बोनस अलग से दिया जा रहा है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना का लाभ माताओं, बहनों को मिल रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, डीएफओ उत्तम गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वन मंत्री कश्यप ने मांदलापाल में 3 पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण और कोदई मातागुड़ी निर्माण हेतु लगभग 31 लाख 50 हजार रुपए राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

# चार गांवों में बिजली बंद 20 घंटे में हुई बहाल



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कालागुड़ा से जोजल गांव के बीच विद्युत लाइन में वृक्ष के डगाल गिर गया, जिससे 2 पोल एवं 6 स्थानों में लाइन के तार टूट गए। इसके चलते 4 गांव तिरिया, कावापाल, टाईकपदर एवं कालागुड़ा में गुरुवार की दोपहर 4 बजे से बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। इसकी सूचना मिलने पर गुरूवार की रात से विद्युत के लाइनमेन कनिष्ठ अभियंता कुंदन ध्रुव के नेतृत्व में जुटे रहे, इस तरह से मशक्कत कर कर्मियों ने शुक्रवार की दोपहर ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ अंधड़ व बारिश से पेड़ों की डगालें गिरने से 2 पोल व तार टूटे

# रिजर्व फारेस्ट एरिया से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी जिले में जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों द्वारा चट्टानों की आड़ व खोह में भारी मात्रा में विस्फोटक डंप किया गया था। बीएसएफ के जवानों ने ओडिशा-आंध्र बार्डर इलाके बेजंगीवाड़ा में ऑपरेशन चलाते हुए भारी मात्रा में आईईडी, आईईडी बनाने का सामान व हथियार बरामद किया है। ओडिशा के मलकानगिरी मुख्यालय सेक्टर में पदस्थ 142 बटालियन बीएसएफ सैनिकों ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन लांच किया था। इस दौरान चट्टानों के बीच छिपाकर रखा हुआ विस्फोटक व हथियार बरामद किया गया। इस दौरान जवानों ने पांच, तीन और दो किलो के एलपीजी सिलेंडर भी जब्त किए हैं। जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों ने बिजंगवाड़ा रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में सामान को छुपा कर डंप किया था। बीएसएफ के अधिकारी ने बताया कि खुफिया इनपुट के बाद ओडिशा व आंध्र प्रदेश सीमा से लगे बेजंगीवाड़ा ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ जवानों को निशाना बनाने चट्टानों की आड़ में डंप किया था सिलेण्डर, आईईडी व हथियार

**दो वार्ड के ग्रामीणों ने हो रहे नुकसान के चलते किया विरोध**

# एक साल पहले सील किया गया डामर प्लांट फिर से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार





प्रशासन का आदेश ग्रामीणों के लिए मजाक की तरह साबित हो रहा है। जिस डामर प्लांट को प्रशासन सील करता है, फिर वहीं एक साल बाद पुनः चालू हो जाता है। नकुलनार में वार्ड क्रमांक 3 और 4 के बीचो-बीच बसाहट में अवैध तरीके से ठेकेदार जितेंद्र भदौरिया के द्वारा विगत कई सालों से डामर प्लांट को संचालित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिना किसी दस्तावेज के इस डामर प्लांट का संचालन हो रहा है। ग्रामीण इस डामर प्लांट के धुएं के शिकार हो रहे हैं और गंभीर बीमारी के गिरफ्त में पड़ सकते हैं। बार-बार ग्रामीणों के विरोध करने के बावजूद प्रशासन सख्ती नहीं बरत रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार ने ठेकेदार से प्लांट के संबंधित दास्तावेज मांगे हैं। कुआकोंडा तहसीलदार के द्वारा डामर प्लांट को 4 जनवरी 2023 को सील कर दिया गया था लेकिन फिर से 17 जून 2024 को ठेकेदार प्लांट से डामर मिक्सिंग का काम प्रारंभ कर दिया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है। हम आगे अपने हक की लड़ाई अब खुद ही लड़ेंगे।

### निरीक्षण पश्चात कार्रवाई करेंगे

पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेष पिस्दा ने इस संबंध में बताया कि प्लांट का निरीक्षण करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है नियम

डामर प्लांट लगाने का नियम यह है कि बसाहट वाली जगह में प्लांट नहीं लगाया जा सकता। प्लांट लगाने के लिए पंचायत की एनओसी लगती है। अगर एनओसी मिल भी गई तो, पर्यावरण क्लीयरेंस लेना होता है। जो हर साल पर्यावरण विभाग से, इसे रिनिवल कराना होता है। विभाग क्लीयरेंस जांच परख के ही देता है कि प्लांट बसाहट वाली जगह पर ना हो, आस पास स्कूल या आंगनबाड़ी ना हो, तभी पर्यावरण विभाग प्लांट के लिए क्लीयरेंस देता है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### संस्कार स्कूल में मना योग दिवस



**जगदलपुर।** संस्कार द स्मार्ट स्कूल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने 1 घंटे योगाभ्यास किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योग शिक्षिका ने विशेष योगदान दिया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या ऐनी पॉल और एडमिन मैथ्यू उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न



**भानपुरी।** आयुष संचालक रायपुर एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर बस्तर छग के दिशा निर्देश पर आयुष आरोग्य मंदिर बस्तर के द्वारा हाईस्कूल भानपुरी करंदोला में पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जिपं सदस्य निर्देश दीवान, जनपद सदस्य भूषण गुप्ता, कुलेश्वर कश्यप के द्वारा किया गया। शिविर विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसका समापन भूतपूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में आज किया गया।

### ग्राम पंचायत बालपेट में मना योग दिवस



**दंतेवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही ग्राम पंचायत बालपेट में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत सीईओ क्रांति ध्रुव ने कहा कि मानसिक और शारीरिक विकास के लिए योग बहुत आवश्यक है। स्वस्थ दिनचर्या के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस मौके पर बच्चे, युवा और महिलाओं ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

# ॐ और योग के घोष से गूंजा माई दंतेश्वरी का पवित्र प्रांगण

**शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को योग करना जरूरी : अटामी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधक पहुंचे। मुख्य कार्यक्रम माई दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण मेंडका डोबरा में आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के साथ लगभग हजारों की संख्या में योग साधकों ने योगाभ्यास किया। यहां जब हजारों लोगों ने ॐ के उद्घोष के साथ योग किया तो नजारा देखने लायक था। योग की आसान संक्रियाओं को करने के साथ ही लोगों ने योग के महत्व भी जाना। योग विशेषज्ञ लोगों को योग के साथ ही यौगिक साधनाओं के महत्व के बारे में बता रहे थे। ऐसे ही नगरीय निकायों तथा ब्लॉक मुख्यालयों में भी नजारा था। यह योग का सम्मान था, भारत की प्राचीन समृद्ध संस्कृति का सम्मान था। यह खास अवसर इतना गौरवशाली था कि योग करने वाले अपने को जड़ों से जुड़ा महसूस कर रहे थे।

■ मेंडका डोबरा प्रांगण में लगभग हजारों लोगों ने एक साथ किया योगाभ्यास

इस मौके पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि निरोग रहने के लिए योग भारत के ऋषि-मुनियों की समृद्ध विरासत है। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समूचा विश्व योग कर रहा है। जब हम सामूहिक योग करते हैं, तो हमारी सामूहिक भावना और मजबूत होती है तथा हम सभी में अपने देश को आगे ले जाने का संकल्प और भी मजबूत होता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक

## स्वस्थ जीवन जीने, प्रतिदिन योग के लिए निकाले 1 घंटा समय : टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज जिला मुख्यालय स्थित बैंडमिंटन हॉल में सामुहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया।

■ बीजापुर के बैंडमिंटन हॉल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का हमें संकल्प लेना चाहिए और नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए कम से कम 1 घंटा का समय निकालकर सभी योग करें। योग के कई फायदें हैं जिसकी जानकारी हमें लोगों तक पहुंचानी है और योग के प्रति उनको जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जीवन में निरोगी काया रखने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन को समय-समय पर ऐसा योगाभ्यास का आयोजन करते रहना चाहिए।

इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित किया गया। जिसमें बीजापुर के 40 युवक एवं युवतियों ने प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया है, उनको मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी पंचायतों एवं स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीएफओ सामान्य वन मंडल रामाकृष्णा रंगानाथा वाय, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन वैभव वेंकर, चंद्रकांत गर्वना, श्रीनिवास मुदलियार सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## डीएवी में बच्चों व शिक्षकों ने किया योगाभ्यास




हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही शानदार तरीके से किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में दुलेश्वरी साहू एवं दीपक साहू ने डीएवी में योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। योग स्वयं एवं समाज के लिए के थीम पर विद्यालय में 100 से भी अधिक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। योग के सारे आसनों के माध्यम से योग का अच्छे ढंग से अभ्यास किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा ने इस अवसर पर कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी एवं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। साथ ही योग को अनिवार्य रूप से अपने दिनचर्या में शामिल करने का आवाहन किया, ताकि स्वस्थ रहकर हम अपने देश के विकास में योगदान दे सकें।

### कलचा में मना योग दिवस



भोंड। विश्व योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलचा में स्कूली छात्राओं ग्राम वासियों एवं शिक्षिकाओं ने शाला परिसर में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग से होने वाले लाभ के साथ-साथ शरीर किस प्रकार स्वस्थ रहता है कि जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य, माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापिका आभा शुक्ला, मोनिका साहू, सुनीता तिवारी समस्त व्याख्याता एवं शिक्षक, कार्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कुड़कानार में मना योग दिवस



भोंड। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज विकास खण्ड बस्तर के हाई स्कूल कुड़कानार में दसवां योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनों ने योगाभ्यास किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा



21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दरभा जनपद पंचायत के तीरथगढ़ में खंड स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोरम स्थान के चलते हुए सुबह 6 बजे से ही लोग यहां योगा अभ्यास के लिए एकत्रित हुए थे। जहां प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने योगाभ्यास कराया।

योग पूर्व उपस्थित अतिथियों ने योग पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल से भारतीय योग विद्या को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

आज संयुक्त राष्ट्र संघ से योग दिवस को पूरी दुनिया में मान्यता प्राप्त है। जिस तरह से आज हम योग दिवस के लिए यहां एकत्रित हुए है, इसी तर्ज पर पूरी दुनिया के अलग-अलग स्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित है। आज के तनाव भरी जिंदगी में योग मानव जीवन के लिए वरदान है। हमें नियमित तौर पर योगाभ्यास करना चाहिए। इस योगा कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, मंडल महामंत्री पीडी हरीश, संतोष बघेल, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, मुन्नू सिंह, अजय पिल्लई, विजय मांझी, के साथ आयोजनकर्ता मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दरभा केशरी लाल फाफा, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, मंडल संयोजक महेन्द्र बघेल, सोमनाथ उसेंडी, महेन्द्र नायक, सचिव कमल सिंह ठाकुर, लूमन ठाकुर समेत अन्य जन मौजूद रहे।

## तनिष्क ने किया भव्य नए स्टोर का उद्घाटन हर खरीदी पर मिलेगा मुफ्त सोने का सिक्का

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





टाटा घराने के भारत के सबसे बड़े आभूषण खुदरा ब्रांड तनिष्क ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में अपना भव्य नया स्टोर लॉन्च किया है। नए स्टोर का उद्घाटन टाइटन कंपनी लिमिटेड के साउथ रीजनल बिजनेस मैनेजर अभिषेक बाजपेयी ने सुबह 10:30 बजे किया। भव्य उद्घाटन के अवसर पर ब्रांड एक अनूठा ऑफर पेश कर रहा है, जिसमें ग्राहक हर खरीदारी पर एक मुफ्त सोने का सिक्का पा सकते हैं। यह ऑफर 21 से 23 जून 2024 तक वैध है। स्पर्श लक्जरी एलएलपीज, सृजन स्क्वायर होटल अविनाश इंटरनेशनल के सामने, धरमपुरा रोड, जगदलपुर में स्थित है।

5000 वर्गफुट में फैला यह स्टोर चमकदार सोने, शानदार हीरे, कुंदन और पोल्की में प्रतिष्ठित तनिष्क डिजाइनों का व्यापक चयन प्रस्तुत करता है। स्टोर गर्व से तनिष्क का उत्सव संग्रह धरोहर प्रस्तुत करता है, जो बीते युगों की विरासत कलाकृतियों से प्रेरणा लेता है। यह स्टोर सोने और हीरों से बनी उत्कृष्ट आधुनिक बालियों की एक विस्तृत श्रृंखला से भी सुसज्जित है, जो स्टनिंग एवरी ईयर हैं। इसके अतिरिक्त, स्टोर में समकालीन प्रतिदिन पहनने वाले आभूषणों ग्लैमडेज की एक शानदार और बहुमुखी रेंज मौजूद है। स्टोर में तनिष्क के विवाह आभूषण उप-ब्रांड रिवाह के शानदार आभूषण उपलब्ध है। रिवाह को भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं की फैशन प्राथमिकताओं के अनुरूप सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है और यह शादी की खरीदारी के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हुआ है।

उद्घाटन पर बोलते हुए, अभिषेक बाजपेयी क्षेत्रीय व्यापार प्रबंधक, दक्षिण, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, हम जगदलपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नवीनतम स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। देश के सबसे प्रिय आभूषण ब्रांडों में से एक के रूप में, तनिष्क हमारे सम्मानित संरक्षकों को असाधारण ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है। हमारा मिशन तनिष्क परंपरा को कायम रखना है, जो हर अवसर के लिए एक आनंददायक खरीदारी अनुभव प्रदान करता है, सभी चीजें एक ही छत के नीचे आसानी से उपलब्ध हैं। यह विस्तार हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। तनिष्क हर ग्राहक और अवसर के लिए उपयुक्त आभूषणों के शानदार चयन का दावा करता है। हमारे स्टोर में सोने, प्राचीन आभूषण, हीरे, कुंदन, पोल्की और समकालीन शैलियों में डिजाइनों का एक उत्कृष्ट संग्रह है, जो हमारे ग्राहकों की विविध प्राथमिकताओं को पूरा करता है। हम जगदलपुर के निवासियों को इस शानदार स्टोर में सोच-समझकर तैयार की गई पेशकशों का पता लगाने के लिए हार्दिक रूप से आमंत्रित करते हैं।

तनिष्क रिटेल श्रृंखला वर्तमान में 240 से अधिक शहरों में 400+ विशिष्ट बुटीक में फैली हुई है। तनिष्क, टाटा समूह का भारत का सबसे पसंदीदा आभूषण ब्रांड, दो दशकों से अधिक समय से बेहतर शिल्प कौशल, विशिष्ट डिजाइन और गारंटीकृत उत्पाद गुणवत्ता का पर्याय रहा है। इसने देश में एकमात्र आभूषण ब्रांड होने की प्रतिष्ठा बनाई है, जो भारतीय महिला को समझने और उन्हें ऐसे आभूषण प्रदान करने का प्रयास करता है।

## योग दिवस पर दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



नगर के सांस्कृतिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करके एवं स्वच्छता के क्षेत्र में जनजागरुक को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ मन स्वच्छ शहर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीपी ध्रुव के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष साक्षी सुराना, उपाध्यक्ष मनकुराम लेखामी, पार्षद अवधेश गुप्ता, रघुनाथ अतरा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गुप्ता, उर्दो ठाकुर एवं समस्त जनप्रतिनिधी गण उपस्थित रहे। साथ ही उमेश साहू, योगा ट्रेनर सोनिया सोरी, अनिता झाड़ी एवं रुचि सोरी, नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मुकेश कोर्राम, गिरीश कुमार तिवारी, अंकित जैन, रामलखन पटेल, रतन यादव, महेश शर्मा, जिला मिशन समन्वयक संजू निर्मलकर, समस्त स्वच्छता दीदीयां एवं समस्त नागरिकों की भागीदारी रही है। साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### न्यायालय परिसर में मना योग दिवस



**दंतेवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश ने बताया कि योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। इस योग शिविर कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश संतोष तिवारी, दीपक कुमार देशलहरे, शांतनु देशलहरे, शैलेश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट शांति प्रभु जैन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केके.देवांगन सहित अन्य अधिवक्ता एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर अन्य न्यायिक कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर मना योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर



21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बस्तर जिले के नगर पंचायत बस्तर के सद्भभावना भवन में हार्टफुलनेस के माध्यम से स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर उत्साह पूर्वक योग दिवस मनाया गया। बेंगलुरु से पहुंचे स्वामी सच्चिदानंद योग गुरु के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, योगाभ्यास, सामूहिक रूप से करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग, नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य, उपाध्यक्ष शालीना सैमसन की उपस्थिति में विभिन्न योगाभ्यास करवाया गया। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र, सीएमओ तरुणपाल लहरे, बीईओ लोकनाथ नाग, एबीईओ सुशील तिवारी, डॉ. व्हीएस राजपूत, अंकित पारख, योग गुरु संजय मिश्रा, प्यासी बघेल, रोहित नाग, राकेश अग्रवाणी, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदीयों समेत बड़ी संख्या में अन्य जन मौजूद रहे।





